प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 सोमवार दिनांक 18.05.2026

मुख्य समाचारः—

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर जिले के नेतानार में जनुसविधा केन्द्र का किया शुभारंभ—कहा कि अगले डेढ़ साल में बस्तर में स्थित सत्तर सुरक्षा शिविरों को ऐसे सेवा केन्द्रों में बदला जाएगां

- केन्द्रीय गृहमंत्री ने आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में आपातकालीन सेवा डायल—एक सौ बारह के तहत चार सौ अत्याधुनिक वाहनों को दिखाई हरी झंडी—अब प्रदेश के सभी जिलों में शुरू हो गई है यह सेवां

- महासमुंद पुलिस ने तलाशी के दौरान एक वाहन से करीब नौ करोड़ रूपए का सोना बरामद कियां

- मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक—दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई

<u>केन्द्रीय गृहमंत्री—छत्तीसगढ़ प्रवास—01</u>

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान बस्तर जिले के नेतानार गांव में जनसुविधा केन्द्र का शुभारंभ कियां इस जनसुविधा केन्द्र को आदिवासी जननेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर गुंडाधूर के नाम पर स्थापित किया गया हैं यह जनसुविधा केन्द्र सीआरपीएफ के सुरक्षा परिसर में बनाया गया हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आगामी डेढ़ साल में बस्तर में स्थापित सुरक्षा बलों के एक सौ छियानवे कैम्पों में से सत्तर कैम्पों को इसी तरह के सेवा केन्द्रों में बदला जाएगां

केन्द्रीय गृहमंत्री ने इमली प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण ले रही स्व–सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और उनसे जाना कि कैसे वे इमली की बिक्री कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं

श्री शाह आज जगदलपुर में आयोजित ''उजर बस्तर–बदलते बस्तर की नई पहचान'' कार्यक्रम में भी शामिल हुएं इस मौके पर उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों, सुरक्षा बलों के जवानों के साथ ही नक्सल हिंसा से प्रभावित लोगों के साथ संवाद कियां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब केन्द्र सरकार ने नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प लिया था, तो उसका उद्देश्य केवल माओवाद का खात्मा करना ही नहीं, बल्कि बस्तर क्षेत्र के गरीब आदिवासियों के जीवन में वे सभी सुविधा पहुंचाना भी था, जो बड़े–बड़े शहरों में उपलब्ध हैं

<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़ प्रवास–02</u>

केन्द्रीय गृहमंत्री ने बस्तर प्रवास के दौरान आज जगदलपुर में अमर वाटिका पहुंचकर माओवाद के विरूद्ध संघर्ष में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कीं इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि बस्तर की धरती पर शांति, सुरक्षा और विकास स्थापित करने में जवानों का बलिदान अविस्मरणीय हैं उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों का त्याग कभी व्यर्थ नहीं जाएगां

इस दौरान श्री शाह ने बीजापुर नक्सली हमले में शहीद जवान कालेन्द्र प्रसाद नायक और पवन कुमार मंडावी के परिजनों से मुलाकात कीं उन्होंने परिवारजनों के बीच बैठकर उनका दुख साझा किया और सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलायां केन्द्रीय गृहमंत्री ने सुरक्षा बलों के जवानों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना कीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थें

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल उन्नीस मई को जगदलपुर में होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगें इसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री शामिल होंगें

केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़ प्रवास–03

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज रायपुर में चार सौ अत्याधुनिक डायल–एक सौ बारह और बत्तीस फॉरेंसिंक मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां साथ ही तैंतीस विशेष निगरानी वाहन और साठ राजमार्ग गश्ती वाहन भी रवाना किएं अभी तक छत्तीसगढ़ के सिर्फ सोलह जिलों में डायल–एक सौ बारह आपातकालीन सेवा उपलब्ध थी, लेकिन अब राज्य सरकार ने इस सेवा का विस्तार सभी तैंतीस जिलों में कर दिया है ं सुरक्षा मानकों और सहायता क्षमता को और मजबूत करने के लिए डायल–एक सौ बारह सेवा में आर्टिफिशियल इटेलिजेंस आधारित स्थान पहचान तकनीक को जोड़ा गया है, जिससे संकट में फंसे व्यक्ति की वास्तविक भौगोलिक स्थिति का सटीक पता लगाया जा सकेगां महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस व्यवस्था में पैनिक बटन और विशेष निगरानी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं इस आधुनिक व्यवस्था के तहत अत्याधुनिक कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम भी विकसित किया गया हैं

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थें

तेल कंपनी–बयान

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति सामान्य और निर्बाध रूप से हो रही हैं राज्य स्तरीय समन्वयक नितिन चौहान ने बताया कि राज्य की मांग को

पूरा करने के लिए वर्तमान में हो रही आपूर्ति पूरी तरह से पर्याप्त हैं नागरिकों को आश्वस्त किया गया है कि ईंधन को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं हैं तेल कंपनियों ने नागरिकों से घबराहट में पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदी न करने की अपील की हैं

"जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान

प्रदेश के जनजातीय गांवों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आज से "जन भागीदारी–सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान शुरू हो गया हैं पच्चीस मई तक चलने वाला यह अभियान प्रदेश के आठ हज़ार से अधिक गांवों में संचालित होगां आदिम जाति विकास विभाग के इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़े गांवों को शामिल किया गया हैं रायपुर जिले को छोड़कर प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, पोषण और पेयजल योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा हैं अधिकारी गांवों में जन सुनवाई करेंगे और आदि सेवा केन्द्रों में शिकायतों का निराकरण किया जाएगां

ऑनलाइन औषधि–हड़ताल

ऑनलाइन औषधियों की बिक्री के विरोध में विभिन्न केमिस्ट संगठनों द्वारा बीस मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया हैं इसे देखते हुए प्रदेश के खाद्य और औषधि प्रशासन ने सभी जिलों में अधिकारियों को जरूरी जीवनरक्षक दवाइयां, आपातकालीन स्वास्थ्य उत्पादों और चिकित्सकीय सामान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं प्रशासन ने बताया कि आपातकालीन स्थिति में सरकारी अस्पतालों, जनऔषधि केन्द्रों, धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स और अन्य औषधि केन्द्रों से दवाइयां प्राप्त की जा सकती हैं प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में अनावश्यक दवाओं का संग्रहण न करें

सोना–जब्त

महासमुंद जिले में आज पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से सवा सात किलो से अधिक सोने के जेवरात बरामद किए हैं बरामद सोने की कीमत नौ करोड़ सत्रह लाख रुपये से अधिक आंकी गई हैं मिली जानकारी के अनुसार जिले की सिंघोड़ा थाना पुलिस द्वारा ओडिशा सीमा से लगे रेहटीखोल नाके पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा थां इस दौरान ओडिशा की तरफ से आ रही एक संदिग्ध कार को रोककर ली गई तलाशी में छिपाकर ले जा रहे सोने के आभूषण जब्त किए गएं पुलिस ने वैध दस्तावेज पेश न करने पर गुजरात के तीन आरोपियों को हिरासत में लिया हैं आयकर विभाग और राजस्व सूचना निदेशालय को सूचना दे दी गई हैं

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई हैं मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दाब का क्षेत्र बना हुआ हैं साथ ही एक चक्रीय चक्रवात विस्तारित हैं इसके असर से बदली–बारिश की स्थिति बन रही हैं

संक्षिप्त समाचार

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा हैं इसके अंतर्गत आज पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूता के लिए प्रभातफेरी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गयां

- जगदलपुर के बालिंगा के पास आज राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर बस के पलटने से एक यात्री की मौत हो गई हैं वहीं, तीस अन्य यात्री घायल हो गए हैं इनमें से सात की हालत गंभीर बताई गई हैं यह बस रायपुर से कोंटा जा रही थीं

- बिलासपुर के कोटा परियोजना मंडल परिक्षेत्र के तहत रतनपुर के जुना शहर क्षेत्र में वन विभाग ने जंगल सूअर के मांस की अवैध बिक्री के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैं उसके पास से चौदह किलोग्राम मांस जब्त किया गया हैं

- कोरबा जिले के पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भादा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दियां इस घटना में घायल दोनों ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं